भारत निर्वाचन आयोग की 4-5 मार्च को बैठक

दिल्ली में नवीन महाजन राजस्थान के नवाचारों की देंगे जानकारी

बेधड़क, जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक 4-5 मार्च को नई दिल्ली में होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पदग्रहण के बाद यह पहली बैठक होगी। बैठक में राज्यों के नवाचारों और कार्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा होगी। इस दौरान राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान अर्जित सफलताओं, अपनाए गए नवाचारों, मतदाता जागरूकता गतिविधियों और मतदाता सूचियों के अपडेशन की जानकारी देंगे।

बैठक में आधुनिक चुनाव प्रबंधन में सूचना तकनीक संसाधनों के उपयोग, प्रभावी संचार-व्यवस्था, सोशल मीडिया के जरिए पहुंच बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में विभिन्न प्राधिकारियों की वैधानिक भूमिका पर चर्चा होगी। दूसरे दिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी पहले दिन हुए विमर्श के आधार पर अपने-अपने राज्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। बैठक में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ ही अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी शामिल होंगे।